हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार, 17 जून, 2025

तापमान
अधिकतम 35.8 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

11 श्रीकृष्ण कृपा गीता मंदिर में चल रहे समर कैंप का समापन...



12 परशुराम जिला ब्राह्मण सभा की कार्यकारिणी का चयन...



## खबर संक्षेप

### मरणोपरांत नेत्रदान कर दो लोगों को दी रोशनी

**करनाल।** विकास नगर, करनाल निवासी 83 वर्षीय इंद्रकांता बख्शी के निधन के उपरांत उनके परिजनों ने एक प्रेरणादायक निर्णय लेते हुए उनकी आँखें दान कर मानवता की मिसाल पेश की। इस नेत्रदान के माध्यम से दो नेत्रहीनों को नई रोशनी मिलने की संभावना बनी है। लक्ष्य जनहित सोसायटी के संस्थापक व समाजसेवी दिनेश बख्शी ने अपनी माता के मरणोपरांत नेत्रदान के लिए माधव नेत्र केंद्र की टीम से संपर्क कर यह नेक कार्य सम्पन्न करवाया। माधव नेत्र केंद्र की टीम ने तत्परता से पहुँचकर नेत्रदान की प्रक्रिया को पूर्ण किया।

### बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई करें आवेदन

**अंबाला।** जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि जिला बाल सरंक्षण इकाई , महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरुस्कार 2025 के लिए अब नामांकन /आवेदन अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 तक आमंत्रित किए गए हैं।

### रेत से भरी 2 ट्रैक्टर-ट्रालियों को पकड़ा

**करनाल।** जिला खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि महानिदेशक केएम पांडुरंग और उपायुक्त उत्तम सिंह के निर्देशों के तहत जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए जांच अभियान जारी है। इसी कड़ी में सोमवार को खनन विभाग और हरियाणा राज्य एनफोर्समेंट ब्यूरो की संयुक्त टीम में शामिल एएसआई मोहन लाल, एएसआई नवीन, ईएसआई राजेंद्र, माइनिंग गार्ड रोहतास द्वारा चैकिंग के दौरान घरौंडा के गांव हरिसिंह पुरा बस स्टेंड के पास रेत से भरी 2 ट्रैक्टर-ट्रालियों को पकड़ा गया। जिन ट्रैक्टर-ट्रालियों के चालको के पास बिल नहीं पाया गया। इसी कारण इन वाहनों को जब्त कर खनन विभाग की टीम द्वारा घरौंडा थाने में पहुंचाया गया है। खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया अवैध खनन की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सजग है। जिला में अवैध खनन किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा और ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अवैध खनन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

### खेत पर कब्जे की चेष्टा मामला दर्ज

**समालखा।** समालखा थाना में गांव देहरा निवासी लखमी चंद ने दी शिकायत में बताया कि शुक्रवार सुबह वह अपने बेटे जगपाल के साथ खेत पर गए तो देखा कि उनके चचेरे भाई जसमत, मंजीत और संजीत अपने बेटों पवन, नीरज, सुभम, बबलू व निक्की के साथ मिलकर उनकी जमीन पर कब्जा कर रहे थे। आरोपी दो ट्रैक्टरों से खेत में मिट्टी डाल रहे थे। पुलिस ने केस दर्ज कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

# रिहायशी भवन से आठ लाख का माल साफ, रसोईघर से भवन में हुए दाखिल

## पुलिस ने वारदात का मुआयना कर मामला दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना



अंबाला। चोरी के बाद घर में बिखरा सामान। फोटो : हरिभूमि

- चोर बच्चों के गुल्लक तक को चोरी कर ले गए। वारदात के समय घर पर कोई नहीं था ।
- करीब 3 लाख रूपए की नकदी सहित लाखों रूपये के सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गए पुलिस ने मौके का मुआयना किया और फारेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए।

क्षेत्र में चोरों के हौसले बढ़े हुए हैं। अब गणपती विहार में चोरों ने रात के समय एक फैक्ट्री संचालक के घर को निशाना बनाकर लाखों रुपए की नकदी सहित कीमती जेवरात चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया । चोर बच्चों के गुल्लक तक को चोरी कर ले गए। वारदात के समय घर पर कोई नहीं था । फैक्ट्री संचालक संजीव अपनी पत्नी व बच्चों को लेने ससुराल गया हुआ था । चोर रसोई के दरवाज़े को तोड़कर घर में घुसे थे। वारदात को पता सोमवार को परिजनों के घर लौटने पर हुआ । सूचना पाकर पुलिस मौके पर पंहुच कर जांच में जुट गई। संजीव ने बताया कि वो एक फैक्ट्री संचालक है । शनिवार को वह अपने ससुराल गया था । जहां से वह सोमवार सुबह घर आकर घर का मुख्य दरवाजा खोला तो पाया कि रसोई का दरवाजा खुला हुआ है। जब अंदर जांचा तो पाया कि घर का सारा सामान बिखरा हुआ है। परिजनों के पांव तले की जमीन खिसक गई । चोर अलमारी में रखी करीब 3 लाख रूपए की नकदी सहित लाखों रूपये के सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गए है। संजीव ने बताया कि अलमारी में फैक्टरी की नकदी रखी थी जोकि गाडी वाले को देनी थी। लेकिन उसे चोर चोरी कर ले गए । चोरों मे घर से एसी के स्टेबलाइजर सहित बच्चों के गुल्लक को भी चोरी कर लिया । संजीव के अनुसार उन्हें करीब 8 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। संजीव ने तुरंत पुलिस को कॉल किया । जिसके बाद पुलिस ने मौके का मुआयना किया और फारेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए।

# यूपी में कुराड के किसान की गोली व चाकू मार कर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत के गांव कुराड निवासी 42 वर्षीय किसान की उतर प्रदेश के शामली जिला के गांव ममोर गांव के खेत में जाते समय चाकू व गोली मार कर हत्या कर दी। वहीं, बीच-बचाव में आए दो व्यक्तियों पर भी हमला कर उन्हे भी घायल कर दिया। वहीं सूचना मिलते ही यूपी के कैराना और हरियाणा पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को उपचार के लिए पानीपत सिविल अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने देवेंद्र देशवाल को मृत घोषित कर दिया। जानकारी अनुसार पानीपत के थाना सनौली क्षेत्र के गांव कुराड निवासी देवेन्द्र की यूपी के गांव ममोर में सात एकड़ कृषि भूमि है। जबकि उसने 20 एकड़ जमीन ठेके पर ले कर खेती की हुई है। सोमवार सुबह करीब नौ बजे देवेंद्र अपने साथियों के साथ अपने खेत में जा रहा था। इस दौरान गांव के ही दूसरे सम्प्रदाय के दो सगे भाइयों से कहासुनी और मारपीट हो गई। आरोपियों ने देवेंद्र पर चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद देवेंद्र को गोली मार दी और मौके से भाग गए। जबकि बीच बचाव कर रहे दो अन्य व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को उपचार के लिए पानीपत सिविल अस्पताल भिजवाया। जहां डाक्ट्ररों ने देवेन्द्र को मृत घोषित कर दिया। घायलों का उपचार शुरू कर दिया। वहीं पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों के हवाले कर दिया। दूसरी ओर हत्याकांड की सूचना मिलते ही शामली जिले के पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार, कैराना सीओ अमरदीप मौर्य और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच की। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दो साल पहले देवेंद्र और दूसरे पक्ष के बीच कोई विवाद हुआ था। उसी विवाद में हत्या की आशंका है।

# कार सवारों पर फायरिंग, चालक की गर्दन में घुसा छर्रा

- शहजादपुर एरिया की घटना, अस्पताल में दाखिल दोस्त का हालचाल जानने चंडीगढ़ जा रहे थे

**अंबाला।** चंडीगढ़ जा रहे कार सवार युवकों पर अचानक फायरिंग हो गई। फायरिंग के कारण एक युवक बुरी तरह जख्मी गया। कार सवार युवकों ने भागकर जान बचाई। वन विभाग की टीम पर बिना जांच फायरिंग के आरोप लगाए जा रहे हैं। शहजादपुर पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के दौरान पुलिस को कार पर भी गोलियों के कई निशान मिले हैं।

जानकारी के मुताबिक यमुनानगर के जाटोवाला गांव के कुछ युवकों स्विफ्ट गाड़ी में सवार होकर बीते रोज चंडीगढ़ जा रहे थे। शहजादपुर के पास अचानक उनकी गाड़ीपर ताबड़तोड़ फायरिंग हो गई। इस दौरान गाड़ी पर गोलियों के कई निशान मिले। वारदात में एक युवक के सिर और गर्दन में गोलियों के छर्रे लगे हैं। जान बचाने के लिए युवक कार समेत वापिस यमुनानगर लौट गए।युवकों का आरोप है कि फायरिंग करने वाले फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के कर्मचारी थे। वे पिकअप गाड़ी में सवार थे। यमुनानगर पुलिस का कहना है कि घटना शहजादपुर में हुई है। इसलिए मामले में कार्रवाई अंबाला पुलिस करेगी। उन्हें सूचना दे दी गई है। कार सवार युवक शाहरुख ने बताया कि उनके गांव का एक युवक चंडीगढ़ अस्पताल में एडमिट है।उसका हालचाल जानने के लिए वह रविवार देर शाम अपने दोस्त जुल्फान के साथ स्विफ्ट कार में सवार होकर चंडीगढ़ जा रहा था। शहजादपुर के पास पहुंचे तो आगे एक पिकअप गाड़ी चल रही थी। वह उसे ओवरटेक करने लगा तो अचानक से फायरिंग शुरू हो गई।शाहरुख ने बताया कि फायरिंग में गोली उसकी स्विफ्ट गाड़ी के पिछले शीशे पर लगी, जिससे शीशा चकनाचूर हो गए। उसने मुड़कर देखा तो ऐसे में एक छर्रा उसके गले पर लगा। शाहरुख का कहना है कि पिकअप गाड़ी में तीन चार लोग सवार थे जिन्होंने ताबड़तोड़ फायरिंग की। जान बचाने के लिए वे अपनी स्विफ्ट कार को वहां से भगा ले गए।

# व्यक्ति के खुदकुशी मामले में महिला पर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- गांव भूरे का माजरा में व्यक्ति ने फांसी लगाकर की थी खुदकुशी

गांव भूरे का माजरा में व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने एक महिला के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में केस दर्ज किया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव भूरे का माजरा निवासी पंचराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव का ही 41 वर्षीय देवी लाल काफी दिनों से परेशान था। रविवार को उनके परिवार के सभी सदस्य्य किसी काम से बाहर गए थे। दोपहर को देवीलाल ने अपने कमरे में चुन्नी का फंदा बनाकर पंखे से लटक कर खुदकुशी कर ली। परिवार के सदस्य्य घर लौटे तो उन्होंने उसका शव पंखे से लटका मिला। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर देवीलाल को नीचे उतारा। उसने आरोप लगाया कि विनिता शर्मा उर्फ सोनिया देवी लाल को काफी दिनों से परेशान कर रही थी। देवी लाल ने उसे इस बारे में बताया था। जिससे वह परेशान चल रहा था। विनिता शर्मा से परेशान होकर उसने खुदकुशी की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी विनिता शर्मा के खिलाफ खुदकुशी के लिए मजबूर करने के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# कुरुक्षेत्र विवि के 15 विद्यार्थियों की हुई कैम्पस प्लेसमेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण, प्रशिक्षुता और रोजगार केन्द्र द्वारा आयोजित कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से एमबीए के 15 छात्र-छात्राओं को रोजगार प्राप्त हुआ है। विद्यार्थियों के चयन पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसकी जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने बताया कि गत दिनों जानी-मानी एचआर कम्पनी वृंदा ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने विश्वविद्यालय में कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जिसमें एमबीए के लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सबसे पहले कंपनी के अधिकारियों द्वार एक प्री-प्लेसमेंट वार्ता द्वारा विद्यार्थियों को कंपनी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई इसके बाद लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया।

इस परीक्षा में उतीर्ण विद्यार्थियों की सामूहिक परिचर्चा और व्यक्तिगत साक्षात्कार लिए गए जिसके बाद 15 छात्र-छात्राओं का चयन कंपनी में मैनेजमेंट ट्रेनी के रूप में किया। चयनित छात्राओं में नंदिनी, मीनल यादव, नेहा रानी, नेहा, मुस्कान, अभिषेक शर्मा, दिशा चेतना और नितिन शामिल हैं।

# छीनाझपटी के 2 आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**यमुनानगर।** कुरुक्षेत्र। जिला पुलिस ने छीनाझपटी की वारदात को सुलझाते हुए महिला से बैग छीनने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-दर्शन में थाना शाहबाद की टीम ने छीनाझपटी की वारदात को सुलझाते हुए रोबिन वासी खानपुर जिला अम्बाला व गुरविंद्र सिंह वासी दाऊ माजरा जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस को दी अपनी शिकायत में रणजीत सिंह वासी सीवन माजरा जिला अम्बाला ने बताया कि 15 जून 25 को वह अपनी पत्नी और बेटे के साथ मोटरसाईकिल पर शाहबाद -लाडवा पुल से गुजर रहा था। उसी समय दो युवक मोटरसाईकिल आए और उसकी पत्नी से बैग छीनकर भाग गए। उसने इसकी सूचना डायल-112 पर पुलिस को दी। सूचना पर पीएसआई अंकित, सहायक उप निरीक्षक सुशील कुमार व संदीप कुमार की पुलिस टीम मौका पर पहुंची और राहगीरों की मदद से आरोपियों को काबू किया।

# इमरजेंसी को काला दिवस के रूप में मनाएगी कमेटी

- हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी ने लिया फैंसला
- अमित शाह, जेपी नड्डा, मनोहर लाल, हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी को भेजा न्योंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** पत्रकारों से बातचीत करते हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा।

देश में तत्कालीन सरकार द्वारा साल 1975 में लगाई गई इमरजेंसी का काला दिवस हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी 26 जून को मनाएगी।

\कुरुक्षेत्र के गुरुद्वारा पातशाही छठी में करवाए जाने वाले काला दिवस समागम का न्योता केंद्रीय मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा, मनोहर लाल, हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी को भी दिया गया है। इसके लिए बकायदा हरियाणा कमेटी की ओर से पत्र भी लिखे गए हैं। यह जानकारी हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने हैड ऑफिस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए दी। इस मौके पर उनके साथ हरियाणा कमेटी के संयुकत सचिव बलविंदर सिंह भिंडर, स्पोकसमैन कुलदीप सिंह फग्गू, इंदरजीत सिंह, सुखदेव सिंह, चीफ सैकेटरी जसविंदर सिंह दीनपुर, एडिशनल सैकेटरी एवं कार्यालय पीए सतपाल सिंह डाचर, राजपाल सिंह दुनियामाजरा, अस्टिंट सैकेटरी अमरिंदर सिंह, अमीर सिंह कुरुक्षेत्र भी मौजूद रहे।

जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने कहा कि देश में लगाई आपातकाल का शिकार हुए लोगों, उनके आश्रितों या फिर उनके परिजनों को उपरोकत अतिथिगणों से सम्मानित करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा दुर्भागयपूर्ण समय था, जिसका शिकार भारी गिनती में लोग हुए थे। तत्कालीन सरकार ने सत्ता में काबिज रहने की लालसा को लेकर देश में एमरजैंस लगाई थी, जिसे हरियाणा कमेटी 26 जून को काला दिवस के रूप में मना रही है। एक सवाल के जवाब में जत्थेदार झींडा ने कहा कि जरनल हाऊस की बैठक में उन्होंने सभी सदस्यों से एकता का परिचय देने की अपील की थी। उन्होंने सर्वसम्मति से प्रधान एवं कार्यकारिणी चुनने की अपील सभी सदस्यों से बार-बार की, लेकिन कुछ मैंबर साहिबान बहिष्कार कर गुरु घर में नारेबाजी करने लगे, जो कि अनुचित है।

गुरु घर में नारेबाजी करना सही नहीं, लेकिन विरोध में आए मैंबर साहिबान ने उनकी एक न सुनी।

### पंजाबी पढ़ाने की सरकार करें व्यवस्था

हरियाणा कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि वे सूबे में पंजाबी अध्यापक भर्ती करने की मांग को लेकर वे सीएम नायब सिंह सैनी से मुलाकात करेंगे। उन्होंने बताया कि पंजाब टीचर अपनी मांगों को लेकर सोमवार को कार्यालय में उनसे मिले थे। उन्होंने काफी देर तक बैठक कर अपनी समस्याओं का जिक्र किया और पंजाबी भाषा को दूसरी भाषा का दर्जा दिलाने के लिए भी विचार विमर्श किया। जत्थेदार झींडा ने बताया कि इस पर उन्होंने पंजाबी अध्यापकों की मांग सीएम तक पहुंचाने का आश्वासन दिया है।

साथ उन्होंने यह भी मांग हरियाणा सरकार से की कि प्रदेश के सभी जिलों में सिख बसते हैं,इसलिए प्रत्येक जिला में पंजाबी टीचर की पोस्ट बना वहां अध्यापकों की भर्ती की जानी चाहिए। जहां पहले से ही पंजाबी भाषा के टीचर की पोस्ट है, वहां खाली पोस्टों पर भर्ती की जानी चाहिए।

## कथा व्यास अदिति ने श्रीमद भागवत कथा श्रद्धालुओं को किया संबोधित

# राग द्वेष के चलते ही मानव मानसिक रोगों से ग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला







कथा व्यास साध्वी अदिति भारती प्रवचन करते हुए व मौजूद संगत।

मां अंबा की पावन भूमि में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा रामबाग में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद देवी भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज की शिष्या विश्व विख्यात कथा व्यास साध्वी अदिति भारती ने किया। महादेवी के विस्तृत महात्मय का वर्णन करते हुए साध्वी ने बताया कि जिसे वेद विद्या कहते हैं, योगी जिसे परा शक्ति कहते है, जिसे भक्त माँ पार्वती, लक्ष्मी, दुर्गा, काली, सरस्वती, अन्नपूर्ण आदि नामों से पूजते हैं, पाश्चात्य दार्शनिक जिसे गैया कहते हैं, वैज्ञानिक जिससे उर्जा कहते हैं वास्तव में यह सब गुणवाचक नाम है ब्रह्म की उस एक सनातन शक्ति के जिन्हें हम आदिशक्ति जगत जननी जगदंबा कहते हैं। कथा कि सारगर्भिता को रखते हुए साध्वी ने बताया कि मौजूदा परिवेश में जहां हर ओर समाज मे तनाव और मतभेद पनप रहा हैं। मर्यादाएं भंग होगई हैं। संवेदनाओं का ह्रास हो रहा है ऐसे मे जगत जननी ही अपनी सृष्टि को प्रेम से सींच कर मर्यादाओं में बांध सकती है। क्यूंकि मां ही अपने शिशु को शुभ संस्कारों से पोषित करती है। श्रीमद देवी भागवत महापुराण में ब्रह्मांड उत्पत्ति के प्रसंग को विस्तार से रखते हुए साध्वी ने जगत के सत्य व उसके निर्माण के हेतु को आए हुए श्रद्धालुओं के साथ सांझा किया। मां के अवतरण लीलाओं में प्रथम आने वाली मधु कैटभ वध कि लीला का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण करते हुए उन्होंने बताया कि मधु और कैटभ वास्तव में मानव कि दो मूल प्रवृतियां- राग और द्वेष है। यह राग द्वेष ही मानव जीवन कि अशांति का मूल कारण है। इंद्रियों के विषयों में राग द्वेष के चलते ही मानव शारीरिक और मानसिक रोगों से ग्रस्त रहता है। जीवन रुपी अनमोल पूंजी को गंवता जा रहा है। वैराग्य से ही मधु-कैटभ का वध संभव है। वैराग्य का अर्थ संसार को छोड़ देना नहीं है अपितु यह मन की निरासक्त अवस्था है जो आत्म स्वरुप से जुड़ कर ही उत्पन्न होती है। साध्वी ने कहा मां भगवती का अंतर्घट में जागरण ही मानव को सभ्य कर सकता है।

# कार की टक्कर से बाइक सवार दंपत्ति घायल

- जिले के गांव अराइयांवाला के नजदीक हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव अराइयांवाला के नजदीक देर शाम कार की टक्कर लगने से बाइक सवार दंपत्ति घायल हो गई। दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए पीजीआई रैफर कर दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव रहमिया कॉलोनी निवासी दिलशाद रविवार को अपनी पत्नी सुमन उर्फ शहनाज के साथ बाइक पर सवार होकर किसी काम से गया था। शाम को करीब साढ़े सात बजे जब वह वापस घर लौट रहे थे तो प्रतापनगर थाना क्षेत्र के गांव अराइयांवाला के नजदीक तेज गति से आ रही कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने हादसे की सूचना डायल 112 टीम को दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने हालत को देखते हुए पीजीआई रैफर कर दिया। मगर परिजन उन्हें दूसरे अस्पताल में ले गए। जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप

### अवैध देसी पिस्तौल के साथ एक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** एंटी व्हीकल थैफ्ट सेल की टीम ने कलानौर के



नजदीक से एक युवक को एक देसी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है। सेल के प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम ने गुप्त सूचना पर कलानौर के पास संदिग्ध घूम रहे युवक को पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके पास एक अवैध पिस्तौल मिली। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान लवाना निवासी दिनेश उर्फ गुला के रुप में बताई। सेल के प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले भी चोरी के पांच मामले दर्ज हैं जो अदालत में विचाराधीन हैं। टीम में एसआई गुरमीद सिंह, रविंदर, योगेश, जितेंद्र व नरेश शामिल थे।

### पाइप लाइन दबवाने के विवाद में गंडासी से हमला

**यमुनानगर।** गांव भीलछप्पर में खेत में पाइन लाइन दबवाने को लेकर हुई कहासुनी में चचेरे भाई ने जीतराम पर गंडासी से हमला कर घायल कर दिया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जीतराम ने बताया कि उसके पास एक एकड़ जमीन है। चचेरा भाई जय गोपाल उससे पहले भी लड़ाई झगड़ा करता रहता है। 14 जून को वह अपने खेत में घूमने के लिए गया तो जय गोपाल उसके खेत के बीच से पाइन लाइन दबवाने लगा। जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने ट्यूबवेल के कमरे से गंडासी उठा कर उसके टांग पर मारी। जब वह मौके से भागने लगा तो आरोपी ने उसका पीछा कर गंडासी से दो-तीन वार उस पर किए। जिससे वह घायल हो गया। शोर सुंनकर जब अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गया।

### अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार




**यमुनानगर।** सीआईए वन की टीम ने मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति को अवैध देसी शराब की बोतलों की पांच पेटियों समेत आधा व पव्वा की पेटियों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। सीआईए वन के प्रभारी वरिंदर वालिया ने बताया कि उनकी टीम गुप्त सूचना पर बहरामपुर चौंक से थर्मल पावर रोड पर नाका लगाकर वाहनों की जांच शुरू की। कुछ देर बाद बहरामपुर की तरफ से एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर आता हुआ दिखाई दिया। जिसने अपनी बाइक के पिछे लोहे के ऐंगल लगाए हुआ था। पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल को रोक कर जांच की तो आरोपी से देसी शराब की बोतलों की पांच पेटी(60) बोतल, देसी शराब के आधा की छह पेटी और देसी शराब पव्वा की चार पेटी बरामद की। जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसने पूछताछ में अपनी पहचान बाडी माजरा निवासी अरविंद के रूप में बताई।

### स्वच्छता अभियान का मुंह चिढ़ा रही व्यवस्था

# रादौर में लगे उम्मीदवारों के पोस्टर सुंदरता पर लगा रहे ग्रहण बैनर

रादौर के नागरिकों ने नपा प्रशासन से की कस्बा में जगह जगह लगे पोस्टर, होर्डिंग और बैनरों को हटाए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर




यमुनानगर। रादौर में खंभों पर लगे हुए चुनावी पोस्टर। फोटो: हरिभूमि।




यमुनानगर। रादौर में पड़े हुए गंदगी के ढेर। फोटो: हरिभूमि।

रादौर के बाजारों, गली व मोहल्लों में बिजली के खंबो व दिवारों पर जगह जगह लगे उम्मीदवारों व अन्य राजनैतिक दलो के नेताओं के पोस्टर कस्बा की सुंदरता को ग्रहण लगा रहे हैं। कस्बावासियों ने नपा प्रशासन से रादौर में जगह जगह लगे पोस्टर, होडिंग्स और बैनरों को तुरंत हटाए जाने की मांग की है। नपा अधिकारियों ने नागरिकों को अभियान चलाकर कस्बा से बैनर, पोस्टर, होर्डिंग्स आदि हटाए जाने का आश्वासन दिया है।

कस्बा निवासी जयकुमार, संदीप कुमार, राजेश, रामकुमार, राकेश कुमार व सुरेश आदि ने बताया कि गत मार्च में रादौर में नगर पालिका के चुनाव हुए थे। उस समय चुनाव में खड़े उम्मीदवारों ने रादौर कस्बा को पूरी तरह अपने प्रचार प्रसार के लिए होडिंग्स, पोस्टर व बैनरों से पूरी तरह से पाट दिया था। मगर अब नपा के चुनाव हुए साढ़े तीन महीने बीत चुके हैं।

लेकिन इसके बावजूद अभी तक रादौर में जगह जगह लगे उम्मीदवारों को पोस्टर, होडर्ग्सि व बैनर पूरी तरह लगे हुए हैं। साढ़े तीन महीने बीत जाने के बाद भी जगह जगह लगे बैनरों, पोस्टरों व होर्डिंग्स से ऐसा लग रहा है कि मानों अभी भी नपा के चुनाव चल रहे हैं। इन पोस्टरों के लगे रहने से रादौर की सुंदरता को ग्रहण लगा हुआ है।

कस्बा के नागरिकों ने इस संबंध में नपा प्रशासन को अवगत करवाया जा चुका है। मगर अभी भी खंभो और दीवारों पर अभी भी पोस्टर आदि लगे हुए हैं। उन्होंने नपा प्रशासन से तुरंत रादौर से पोस्टर आदि को हटाकर कस्बा की सुंदरता बनाए रखने की मांग की है। ताकि स्वच्छता अभियान सही मायने में सफल हो सके।

### चलाया जाएगा अभियान

नगर पालिका के सफाई निरीक्षक गोबिंद कुमार ने बताया कि नपा प्रशासन द्वार जल्द ही अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत कस्बा में जहां भी पोस्टर, बैनर व होर्डिंग्ल लगाए गए हैं, उन्हें हटाया जाएगा।

## रादौर में सफाई का है अभाव, जगह जगह पड़े गंदगी के ढेर

- नागरिकों ने जिला प्रशासन से की रादौर कस्बा में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करवाए जाने की मांग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

रादौर कस्बा में सफाई का अभाव होने से जगह जगह गंदगी के ढ़ेर पड़ने रहने से लोग परेशान हैं। कस्बा के नागारिकों ने जिला प्रशासन से रादौर कस्बा में जगह जगह पड़े गंदगी के ढेर उठवाए जाने और सफाई व्यवस्था दुरुस्त करवाए जाने की मांग की है।

कस्बा निवासी अमित, रोहित, राजेश, अभिषेक व अभिनव आदि ने बताया कि रादौर कस्बा में जगह जगह गंदगी के ढ़ेर पड़े हैं। हालांकि नपा सफाई कर्मचारी साफ सफाई कर रहे हैं। मगर नपा के सफाई कर्मचारियों द्वारा भी कस्बा में की जा रही सफाई काम नहीं आ रही है। लोग अंधेरे का लाभ उठाकर गंदगी को कस्बा में डाल देते हैं। उनका कहना है कि नगरपालिका के कर्मचारी कितनी भी सफाई कर लें। मगर जब तक कूड़ा डालने वाले जूस कार्नर, इलेक्ट्रॉनिक सामान बेचने वाले दुकानदारों पर लगाम नहीं लगाई जाती है।

तब तक शहर को साफ रखना नामुमकिन है। नगरपालिका ऐसे लोगों की पहचान कर उन पर भारी भरकम जुर्माना लगाए। वहीं, स्थानीय लोगों ने सफाई कर्मचारियों को बढ़ाए जाने की मांग की। जिससे शहर की सुंदरता बरकरार रह सके। इसके लिए नियमित प्रयास किए जाने चाहिए।



यमुनानगर। क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन पर विजेता टीम ट्रॉफी व पुरस्कार प्राप्त कर खुशी जताते हुए।

## फरीदाबाद ने जीती रायजादा बीडी बाली मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- मोहयाल सभा यमुनानगर द्वारा आयोजित की तीन दिवसीय प्रतियोगिता, सिटी विधायक ने विजेताओं को किया सम्मानित।

मोहयाल सभा यमुनानगर द्वारा शहर एमएलएन स्कूल मॉडल टाउन में आयोजित की जा रही तीन दिवसीय रायजादा बीडी बाली मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हो गया। समापन अवसर पर खेले गए फाइनल मैच में फरीदाबाद की टीम ने क्रिकेट प्रतियोगिता जीतकर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। प्रतियोगिता के समापन पर मुख्यातिथि एवं सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने विजेता टीम के पुरस्कार व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

मोहयाल सभा के प्रधान विपिन मोहन ने बताया कि मोहयाल बिरादनी की लंबे समय तक जीएमएस के प्रधान के रुप में सेवा करने वाले रायजादा बीडी बाली के नाम पर इस क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में फरीदाबाद, यमुनानगर, देहरादून, जालंधर, लुधियाना, दिल्ली व जगाधरी वर्कशॉप समेत देश भर से मोहयाल बिरादरी कई क्रिकेट टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के समापन पर फाइनल मैच फरीदाबाद व लुधियना की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें फरीदाबाद की टीम ने जीत हासिल कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। जबकि लुधियाना की टीम उपविजेता बनी। विजेता व उपविजेता दोनों टीमों को 21-21 हजार रुपये का नगद पुरस्कार और ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। मौके पर सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिले और उनकी प्रतिभा सामने आए इस सोच को लेकर मोहयाल सभा द्वारा यह सार्थक पहल की गई है। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं। उन्हें हर क्षेत्र में आगे आना होगा तभी देश विकसित होगा। वहीं, मोहयाल बिरादरी के अध्यक्ष विनोद दत्त ने कहा कि युवाओं को इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर सभा के महासचिव लेफ्टिनेट कर्नल एलआर वैद, वित्त सचिव अशोक छिब्बर, पब्लिक रिलेशन ऑफिसर रितमोहन आदि मौजूद रहे।

# विकसित व आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि का बन रहा है स्वर्णिम कालः कंवरपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। जगाधरी में सुशासन कार्यक्रम में संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री।

पूर्व मंत्री कंवरपाल ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी लगातार 11 वर्ष से भारत देश के प्रधानमंत्री के रूप में सफलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री का यह कार्यकाल विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि का स्वर्णिम काल बन रहा है। उन्होंने उक्त शब्द जगाधरी में विभिन्न स्थानों पर आयोजित सेवा और सुशासन कार्यक्रमों में कहे।

उन्होंने कहा कि सरकार के इन 11 वर्षों में विकास का काम हुआ है। भारत की अर्थव्यवस्था टू ट्रिलियन डॉलर थी। लेकिन आज वह टू ट्रिलियन से बढ़कर 4.3 ट्रिलियन बन गई है। हमें गर्व है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 3.0 सरकार में अभी और चार साल हैं। विकसित भारत बनाने के लिए एक नींव डाली जा रही है। पीएम मोदी ने इन 11 वर्षों में परिश्रम से परिकाष्ठा की मिसाल दी है। पूर्व मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का ग्यारह वर्षों का कार्यकाल विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि का स्वर्णिम काल बन रहा है। भाजपा किसान हितैषी सरकार है। अन्नदाताओं को डीबीटी द्वारा आर्थिक रूप से सशक्त किया जा रहा है। किसान भाइयों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, पीएम सोलर योजना के माध्यम से सशक्त किया जा रहा है।

### दिखा क्रांतिकारी बदलाव

भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी ने कहा कि भारत देश के करोड़ों युवाओं की पहली पसंद के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। जन धन योजना, स्टार्ट अप योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला गैस योजना, आयुष्मान भारत योजनाओं से देश के लोगों के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव आया है।

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष कृष्ण खदरी व प्रियंक शर्मा, ललित काम्बोज, पार्षद जयंत स्वामी, पार्षद रीना रस्तोगी, पार्षद रूचि काम्बोज, पार्षद अंकित गोयल, पार्षद भानू प्रताप सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष विपुल गर्ग व मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।

# डीसी को ज्ञापन देंगी मिड डे मील वर्कर्स

- यूनियन की बैठक में मांगों पर चर्चा के बाद लिया फैसला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर




मिड डे मील वर्कर्स यूनियन की बैठक सोमवार को सर्व कर्मचारी संघ कार्यालय दशहरा ग्राउंड में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान नीलम भट्टी व संचालन जिला सचिव कविता ने की। इस दौरान यूनियन की मांगों को लेकर विचार विमर्श किया गया और आगे की रणनीति बनाई गई।

जिला प्रधान नीलम भट्टी ने बताया कि बैठक में सबसे पहले यूनियन सदस्यों अहमदाबाद में विमान दुर्घटना व केदारनाथ में हेलीकॉप्टर क्रैश में मारे गए यात्रियों की याद में दो मिनट का मौन धारण करके श्रद्धा सुमन अर्पित किए। बैठक में निर्णय लिया गया कि 18 जून को स्वास्थ्य ठेका कर्मचारियों के आंदोलन के समर्थन में यूनियन द्वारा सिविल सर्जन को नोटिस दिया जाएगा। इसके साथ ही 20 जून को न्यूनतम वेतन 26 हजार को लेकर डीसी के माध्यम से सरकार के नाम ज्ञापन सौंप जाएगा। इसके साथ ही नौ जुलाई को ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भागेदारी की जाएगी। इसके साथ ही यूनियन की सांगठनिक मजबूती को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित सीटू जिला सचिव शरबती ने कहा कि सरकार द्वारा मिड डे मील कर्मचारियों का बकाया व कटा हुआ मानदेय तुरंत जारी किया जाना चाहिए। स्कूल मर्ज व बंद न हो और इसके चलते या बच्चे कम होने की स्थिति में वर्करों को काम से न हटाया जाए। हटाई गई वर्करों को अन्य स्कूलों में समायोजित किया जाए।

## रक्तदान कर बचाई जा सकती है लोगों की जानः कंवरपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



स्माइल फाउंडेशन द्वारा जिला रेडक्रास सोसायटी के सहयोग से गांव जयधरी में थैलेसीमिया के बच्चों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया।

शिविर में चिकित्सकों व रेडक्रास टीम के सदस्यों ने रक्तदाताओं से 59 यूनिट रक्त एकत्रित किया। इस रक्त को थैलेसीमियमा के बच्चों के लिए प्रयोग किया जाएगा। पूर्व मंत्री ने कहा कि रक्तदान करने से किसी का जीवन बचाया जा सकता है। इसलिए रक्तदान को महादान कहा गया है। रक्त का इंसान के अलावा अन्य कोई विकल्प नहीं है। रक्त को इंसान से ही लिया जा सकता है। उन्होंने थैलेसीमिया के बच्चों के लिए रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं का आभार जताया। पूर्व मंत्री ने स्माइन फाउंडेशन के सदस्यों की भी रक्तदान शिविर आयोजित करने के लिए सराहना की।

## लंबित न रहें समाधान शिविर की शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर




जिला प्रशासन द्वारा सोमवार को लघु सचिवालय में जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगराधीश पीयूष गुप्ता ने लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने अधिकारियों को समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं का प्राथमिकता से शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए।

नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में अब बदलाव किया गया है। अब ये शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं।

**शिविर में प्राप्त हुई 8 शिकायतः** समाधान शिविर में 8 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिनमें शांति कॉलोनी निवासी प्रदीप, भागीरथ कॉलोनी निवासी बाबूराम, गोमती गली निवासी हर्ष ने परिवार पहचान पत्र ठीक करवाने बारे समस्या रखी। शिव मंदिर महावीर कॉलोनी निवासी बिमला ने बिजली के बिल ठीक करवाने बारे समस्या रखी, द्वारका पूरी निवासी जयदेव ने बिजली का खम्बा हटवाने बारे समस्या रखी,अशोक विहार निवासी गगनदीप ने बीपीएल राशन कार्ड बनवाने बारे समस्या रखी, शांति कॉलोनी निवासी शिव आनंद ने पुलिस से संबंधित समस्या रखी, महावीर कॉलोनी निवासी मुन्ना ने राशन कार्ड में नाम दर्ज करने बारे समस्या रखी।

## बीएसएनएल की लाखों की कॉपर तार चोरी के आरोपी काबू

**यमुनानगर।** बीएसएनएल द्वारा लैंडलाइन फोन चलाने के लिए अंडरग्राउंड दबाई गई लाखों की कॉपर केबल को बीती रात किसी ने चोरी कर लिया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जिनकी पहचान गांव ख्याला निवासी साकीम व सलमान के रूप में हुई है। बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है।

रामपुरा पुलिस चौंकी के प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि एसडीओ श्यामलाल ने शिकायत में बताया था कि बीएसएनएल द्वारा लैंडलाइन फोन चलाने के लिए 1200 पेयर तार नाले के साथ अंडरग्राउंड डाली हुी हुई है। यह तार लैंडलाइन फोन को चलाने के काम में प्रयोग होती है। करीब एक साल पहले बीएसएनएल ने इस केबल के प्रयोग को बंद कर दिया था। मगर इसे जमीन ने नहीं निकाला गया था। उन्हें सूचना मिली थी कि बीती रात किसी ने शहर के मधु चौक से प्यारा चौक तक अंडरग्राउंड डाली गई कॉपर की केबल को किसी ने जेसीबी मशीन की मदद से उखाड़ कर चोरी कर लिया। जिसकी कीमत करीब तीन लाख रुपये बताई गई है। जांच में पुख्ता सबूत मिलने पर दो आरोपी काबू कर बाकी की तलाश जारी है।

# प्रतिदिन योग करने से मनुष्य का मन और तन रहता स्वस्थः मेहता

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



ये क्रिया कीः प्रियंका ने ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्ध उष्टासन योग क्रियाएं करवाई।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में ग्रीन पार्क कॉलोनी वेलफेयर एसोसिएशन यमुनानगर द्वारा सोमवार को ग्रीन पार्क में पांच दिवसीय योगाभ्यास कार्यक्रम का शुभारंभ एसोसिएशन के प्रधान देवेंद्र मेहता ने किया।

प्रधान देवेंद्र मेहता ने बताया कि ग्रीन पार्क कॉलोनी वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा गत वर्ष की तरह ग्रीन पार्क में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को योग कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसकी तैयारियों को लेकर पार्क में सोमवार को पांच दिवसीय योगाभ्यास कार्यक्रम शुरु किया गया है। कार्यक्रम में रोजाना कॉलोनी के लोग योगाभ्यास करेंगे। इस बार योग की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग है। योग दिवस के आयोजन का उद्देश्य योग के माध्यम से मानसिक, शारीरिक और आत्मिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है। आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी से लोग तनाव, चिंता, मोटापा, उच्च रक्त चाप, मधुमेह और अन्य बीमारियों से जूझ रहे हैं। ऐसे में योग वरदान की तरह काम करता है।

योग करने से रोगों की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। पाचन तंत्र मजबूत बनता है। आजकल के युवा अपने स्वास्थ्य की ओर बहुत कम ध्यान देते हैं। मोबाइल, इंटरनेट और व्यस्त जीवन शैली के कारण वे शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर हो रहे हैं। लेकिन अगर रोजाना कुछ मिनट योग अभ्यास करें तो हम शारीरिक रूप से स्वस्थ और मानसिक रूप से शांत और आध्यात्मिक रूप से मजबूत होंगे।

### श्री बालाजी मंदिर में आयोजित की जा रही है श्रीराम कथा

# श्रीराम का जीवन चरित्र मानव के लिए मार्गदर्शक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



रादौर। श्रीबालाजी मंदिर में आयोजित कथा में प्रवचन करते कथाव्यास।

- श्रीराम कथा में कथाव्यास राम सुमिरनदास महाराज ने सुनाया भगवान विष्णु के सातवें अवतार प्रभु श्रीराम के जीवन प्रसंग।
- राम अवतार धारण कर राक्षसों का किया संहार।

श्री बालाजी सेवा समिति के तत्वावधान में रादौर के श्री बालाजी मंदिर में चल रही श्री राम कथा के दूसरे दिन कथाव्यास राम सुमिरनदास महाराज ने भगवान विष्णु के सातवें अवतार प्रभु श्रीराम का जीवन प्रसंग सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। इस दौरान भजनों के माध्यम से भी प्रभु का गुणगान किया गया।

कथाव्यास राम सुमिरनदास महाराज ने फरमाया कि भगवान विष्णु ने अभी तक 10 अवतार लिए हैं। जिनमें प्रभु श्रीराम भगवान श्री विष्णु के सातवें अवतार माने जाते हैं। प्रभु श्रीराम के अवतार को सभी अवतारों में सवार्धिक पूजनीय माना जाता है। उन्होंने कहा कि त्रेता युग में जब धरती पर राक्षकों का आतंक बढ़ गया और चारों तरफ त्राही त्राही हो गई। इस समय भगवान विष्णु ने प्रभु श्रीराम का अवतार धारण कर पृथ्वी पर जन्म लिया। उन्होंने प्रभु श्रीराम का अवतार धारण कर न केवल पृथ्वी से राक्षसों का संहार किया। बल्कि उन्होंने अपने जीवन में वह उदहरण प्रस्तुत किए जो आज भी मानव जीनव के लिए मार्ग दर्शक बने हुए हैं। कथाव्यास राम सुमिरनदास महाराज ने कहा कि भगवान श्रीराम ने मातृ पितृ भक्ति के चलते अपने पिता राजा दशरथ के एक आदेश पर 14 वर्ष तक वनवास काटा। नैतिकता, वीरता, कर्तव्यपरायणता के जो उदाहरण भगवान राम ने प्रस्तुत किए वह बाद में मानव जीवन के लिए मार्गदर्शक बन गए। भगवान श्री राम ने चौदह वर्ष के वनवास में पृथ्वी को राक्षकों से मुक्त किया। वहीं, उन्होंने वनवास के बाद राजा के रुप में अपनी प्रजा को हर तरह से सुखी रखने के लिए एक मर्यादा कायम की। प्रभु श्रीराम की धारणा थी कि जिस राजा के शासन में प्रजा दुखी रहती है वह राजा नरक भोगी होता है। भगवान श्रीराम आज भी मर्यादा पुरुषोत्तम के नाम से मानव जीवन को प्रेरित कर रहे हैं। प्रभु श्रीराम द्वारा स्थापित किए गए आदर्श सभी के लिए मार्ग दर्शक बन रहे हैं। कथाव्यास राम सिमरनदास महाराज ने फरमाया कि प्रभु श्रीराम की भक्ति करना मानव जीवन के लिए फलदायी है। दूसरे दिन की कथा समापन पर आरती का आयोजन और प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर समिति के प्रधान विनोद राणा, बबलू, प्रवीण,अनिल, प्रियकांत जोगी व श्रीराम गर्ग आदि मौजूद रहे।

खबर संक्षेप



## संकीर्तन में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

कुरुक्षेत्र। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी की प्रेरणा से श्री कृष्ण कृपा परिवार द्वारा श्याम कॉलोनी में गुलशन माटा के निवास स्थान पर संकीर्तन का आयोजन किया गया। इस संकीर्तन में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। वृंदावन दे अजब नजारे पावांगे,कोई जावे ना जावे अप्पा जावांगे... के भजन पर श्रद्धालु जमकर थिरक उठे, जिससे सारा वातावरण भक्ति में हो गया। इस अवसर पर आयोजक परिवार के सदस्य जीवन दास माटा, गुलशन माटा, आशिमा माटा, तरुण धमीजा, नवीन भारद्वाज, आदि मौजूद रहे।

## कष्ट निवारण फोरम की बैठक आज

कुरुक्षेत्र। यूएचबीवीएन के अधीक्षक अभियंता मदन गोपाल जिंदल ने कहा कि बिजली संबंधी उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निवारण के लिए एससी आप्रेशन सर्कल के चेयरमैन की अध्यक्षता में उपभोक्ता फोरम की एक बैठक आज होगी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता शिकायत फोरम की बैठक सेक्टर-8 एसई ओपी सर्कल यूएचबीवीएन कुरुक्षेत्र में 17 जून को सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 1

## जरूरतमंदों का सहारा बनेगा सतयुग दर्शन ट्रस्ट

कुरुक्षेत्र। सतयुग दर्शन ट्रस्ट रजिस्टर्ड फरीदाबाद जुलाई माह में जरुरतमंदों को खाना, कपड़ों का दान और आर्थिक सहयोग की मुहिम चलाएगा। फरीदाबाद में भूपानी स्थित प्रसिद्ध सतयुग दर्शन ट्रस्ट जोकि महाबीर सत्संग सभा का विस्तारित रूपांतरण है। इसके माध्यम से अध्यात्मिक ज्ञान और मानवीय मूल्यों के प्रसार के साथ-साथ दान को लेकर भी चर्चा में रहती है।

## दिव्यांग बच्चों के लिए चलाया जागरुकता अभियान

कुरुक्षेत्र। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिव्यांग बच्चों की पहचान के लिए उनको उनके अधिकार के विषय में जागरूकता अभियान चलाया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि डीएलएसए द्वारा एक टीम गठित की गई है।

## विमान दुर्घटना मृतकों को दी श्रद्धांजलि

थानेसर। ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ द्वारा अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मारे गए मृतकों की आत्मा की शांति के लिए एक शोक सभा आयोजित की गई। संघ के प्रदेश स्तरीय कार्यालय में आयोजित शोक सभा में उपस्थित पदाधिकारियों ने केदारनाथ में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मारे गए श्रद्धालुओं, आईपीएल बेंगलुरु में विजय जुलूस के दौरान भगदड़ में मारे गए खेल प्रेमियों की आत्मा की शांति के लिए भी प्रार्थना की। इस अवसर पर मृतकों की आत्मिक शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण भी किया गया।

# एक लाख से अधिक साधक योग अभ्यास कर बनाएंगे विश्व रिकॉर्ड : उपायुक्त

- 10 लाख औषधीय पौधों का वितरण और रोपण भी किया जाएगा
- एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य की थीम पर मनाया जाएगा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि योग महाकुंभ जिला प्रशासन, आयुष विभाग, हरियाणा योग आयोग व पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के सहयोग से राज्य स्तरीय कार्यक्रम में एक लाख से अधिक योग साधक योग अभ्यास करके विश्व रिकॉर्ड बनाएंगे। हम सभी के लिए यह गर्व की बात है कि आज हमारे योग और पारंपरिक चिकित्सा के बारे में जानने की दुनिया भर में जिज्ञासा बढ़ रही है। साथ ही हरित योग के तहत जिला प्रशासन व वन विभाग द्वारा 10 लाख औषधीय पौधों का 21 जून तक वितरण व रोपण किया जाएगा। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य की थीम पर मनाया जा रहा है, इसको प्रदेश में आगे बढ़ाते हुए योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा बनाया है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र के 1000 उच्च रक्तचाप व मधुमेह के रोगियों को 12 दिवसीय विशेष योग प्रशिक्षण तदर्थ योग के प्रभाव का आकलन योग समावेश के तहत किया जा रहा है। नशा पीड़ितों के लिए योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर कार्यालय के समय अधिकारियों व सभी कर्मचारियों के लिए 5 मिनट का योगा ब्रेक निर्धारित किया गया है। विद्यार्थियों के लिए सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में योग प्रशिक्षण के शिविर चल रहे हैं।

### तीन तरह से करवा सकते हैं पंजीकरण

*उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि 21 जून को योग दिवस के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करवाया जा रहा है। कोई भी व्यक्ति तीन तरह से पंजीकरण करवा सकता है। इनमें मोबाइल नंबर 9501131800 पर मिस कॉल करें, डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट इंटरनेशनल योग डे डॉट एचआरवाई डॉट इन पोर्टल पर जानकारी दर्ज करके और विभाग द्वारा तैयार किए गए बार कोड को स्कैन करके पंजीकरण करवा सकते हैं।*

### ब्रह्मसरोवर व मेला ग्राउंड को 100 सेक्टरों में बांटा



उपायुक्त नेहा सिंह

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि ब्रह्मसरोवर और मेला ग्राउंड को 100 सेक्टरों में बांटा गया है। प्रत्येक सेक्टर में एक हजार नागरिकों को योग के लिए बिठाया जाएगा। मेला ग्राउंड में जिलाभर के स्कूलों की छठी कक्षा से 12वीं कक्षा के विद्यार्थी बिठाए जाएंगे। शिक्षण संस्थाओं, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और स्कूलों से करीब 37 हजार विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि अलग-अलग संस्थाओं ने करीब 40 हजार योग साधकों को लेकर आने की तैयारी क है। वहीं पतंजलि योग पीठ की तरफ से हर गांव में योग शिविर लगाकर प्रोटोकॉल की ट्रेनिंग दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थियों के लिए टी-शर्ट, पानी की व्यवस्था, रिफ्रेशमेंट, सर्टिफिकेट की व्यवस्था की जाएगी। बच्चों के अलावा स्कूली स्टाफ को भी प्रशंसा पत्र जारी किया जाएगा, जो विश्व रिकॉर्ड की भागीदारी सुनिश्चित करेगा। वहीं 20 हजार को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर मैट वितरित किए जाएंगे।

### सुबह 5 बजे से शुरू होगा राज्य स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि योग करने वाले सभी 5 बजे से पहले अपनी सीट पर बैठ जाएंगे। करीब 5 बजे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और योग गुरु स्वामी रामदेव मंच पर पहुंच जाएंगे। इसके बाद संबंधित, योग, प्राणायाम किया जाएगा। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पूरे देश को संदेश होगा। करीब 7:30 बजे कार्यक्रम का समाधान होगा।

## 12 गांवों के किसानों ने किया धरना प्रदर्शन

# मारकंडा हैड से बीबीपुर झील की तरफ दीवार हटाने के विरोध में हुई महापंचायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



मारकंडा हैड से बीबीपुर झील की तरफ दीवार हटाने के विरोध में भाकियू के बैनर तले हुई महापंचायत में 12 गांवों से दर्जनों की संख्या किसान पहुंचे। इसके बाद धरना प्रदर्शन शुरू किया गया। सूचना मिलते ही पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया। इसके बाद सिंचाई विभाग के अधिकारियों को बुलाया गया। अधिकारियों द्वारा लिखित आश्वासन के बाद किसान शांत हुए और महापंचायत एवं धरने की समाप्ति की घोषणा की। सुबह किसान यूनियन के बैनर तले 12 गांवों के किसान महापंचायत में पहुंचे। इसके बाद यूनियन के प्रदेश प्रवक्ता प्रिंस वड़ैच ने किसानों की ओर से विभाग के एक्सईएन को मौके पर बुलाने की बात अधिकारियों के समक्ष रखी गई। कुछ देर बाद अधिकारियों ने बताया कि एक्सईएन चंडीगढ़ मीटिंग में है। लिहाजा उनके निदेर्शानुसार एसडीओ राकेश कुमार किसानों से बातचीत करेंगे। किसानों ने एसडीओ के सामने दो मांगे रखी पहली मांग दीवार को लेकर जो स्थिति बनी हुई है। उसे छेड़ने की बजाय इसी प्रकार रखा जाए और दूसरा यह बताया जाए की दीवार को हटाने के आदेश लिखित में थे। यदि आदेश लिखित में नहीं थे तो वो नेता कौन है। जिसके कहने पर जुबानी तौर पर यह काम किया जा रहा था। लेकिन अधिकारियों ने किसी भी नेता का नाम लेने से बचते हुए इसे रूटीन की प्रक्रिया बताया और किसानों को लिखित में आश्वासन दिया कि मौके पर यथास्थिति रखी जाएगी। किसी भी प्रकार से दीवार या निकासी चैनल से छेड़छाड़ नहीं होगी। इसके बाद किसानों ने दीवार के सामने से हटी मिट्टी को दोबारा लगाने की बात कही तोवहां खड़ी मशीनों से तुरंत काम शुरू कर दिया गया और मिट्टी लगाकर झील की तरफ आने वाले तटबंधों को मजबूत किया गया। एसडीओ के लिखित आश्वासन के बाद किसान शांत हुए। एसडीओ राकेश कुमार को किसानों की ओर से भी मांग पत्र भी सौंपा गया। जिसमें किसानों ने मांग रखी की निकासी चैनल में खड़े पेड़ों की कटाई करके इसे साफ नहीं किया जाए। क्योंकि यदि ये पेड़ और अवरोधक हटते हैं तो बाढ़ का सीधा पानी उनके खेतों की तरफ जाएगा। जिससे उनका भारी नुकसान होगा। एसडीओ ने किसानों को आश्वासन दिया कि यह उनके स्तर का मामला नहीं है। वे इसे आला अधिकारियों तक पहुंचाएंगे। तब तक काम बंद रखा जाएगा।

### ये रहे मौजूद

*इस मौके पर अमृतपाल बाजवा भौर, सुखविंदर भाकियू प्रधान कंवलजीत छज्जूपुर, विनोद बाखली, सुखविंद्र मुकीमपुरा, युवा उप प्रधान गुरलाल असमानपुर, मलकीत बाजवा, गुलाब मुकीमपुरा, विशाल मुकीमपुरा, पंडित देवी चंद शर्मा, भूपेंद्र एडवोकेट, सतविंदर राणा, दविंदर राणा, योगी, रजनेश, प्रदीप तंवर, साहब सिंह बाजवा, मनीष मलिक, दिलबाग मलिक, बोबी राणा व मनीष शर्मा सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।*

# लाडवा विस के 40 गांवों की युवतियां सिलाई सीखकर बनेंगी आत्मनिर्भर : कैलाश सैनी

- जल्द ही चारों मंडलों में एक-एक ब्यूटीशियन सेंटर, सोलर रिपेयर केन्द्र भी खोले जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा



लाडवा। गांव बकाली में सिलाई सेंटरों का उद्घाटन कर महिलाओं को सिलाई मशीन भेंट करते मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी।

मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की विधानसभा लाडवा के 40 गांवों की युवतियों को सिलाई सीखकर आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत सरकार अंत्योदय परिवारों को स्वरोजगार और रोजगार सृजन के अवसर प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार अंत्योदय परिवारों की वार्षिक आय को बढ़ाने के लिए कौशल विकास, स्वरोजगार और रोजगार सृजन के उपायों को अपना रही है। इनमें से सिलाई केन्द्र खोलना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि जल्द ही चारों मंडलों में एक-एक ब्यूटीशियन सेंटर, सोलर रिपेयर केन्द्र भी खोले जाएंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी सोमवार को स्कील फाउंडेशन गुरुग्राम के सहयोग से गांव बिहोली, रामसरण माजरा, बाकली और बपदी में तैयार किए गए सिलाई सेंटरों का उद्घाटन किया। उनके साथ स्कील फाउंडेशन गुरुग्राम के एजीएम आरके सिंह भी मौजूद रहे। प्रत्येक सिलाई सेंटर पर आस-पास के 10-10 गांवों को कवर किया जाएगा।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग संगोष्ठी आयोजित

कुरुक्षेत्र। 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष विभाग, हरियाणा एवं हरियाणा योग आयोग के निदेर्शानुसार जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग, कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में हरियाणा योग आयोग के कर्मठ एवं ऊर्जावान चेयरमैन डॉ जयदीप आर्य के सुयोग्य मार्गदर्शन एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ सुदेश जाटियान के कुशल निर्देशन में श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के सभागार में आज शोध पर आधारित एक योग संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला आयुष अधिकारी डॉ सुदेश जाटियान, विशिष्ट अतिथियों हरियाणा योग आयोग के सदस्य डॉ मनीष कुकरेजा, श्री कृष्णा आयुष विश्वविद्यालय की योग विभाग अध्यक्षा डॉ शीतल, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ मनीषा, भारतीय योग संस्थान, हरियाणा के संगठन मंत्री एवं जिला योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा संवर्धन समिति के सचिव गुलशन कुमार ग्रोवर, जिला योग कोऑर्डिनेटर डॉ जागीर सिंह, ए. एम. ओ. डॉ महिपाल, डॉ संदीप, डॉ मीना, डॉ तृप्ता, डॉ सोनीली इत्यादि ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



कुरुक्षेत्र। योग संगोष्ठी में दीप प्रज्ज्वलित करते अतिथि गण।

# नपा चेयरमैन ने किया गुरुद्वारा रोड सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

- पिहोवा में सौंदर्यीकरण को लेकर जहां विकास कार्य करवाए जा रहे



नगर पालिका के चेयरमैन एवं प्रसिद्ध समाजसेवी आशीष चक्रपाणि ने कहा कि प्रदेश के सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व एवम भाजपा के वरिष्ठ नेता जय भगवान शर्मा डीडी के प्रयासों से सरकार पिहोवा हल्के के विकास एवं सौंदर्यीकरण को लेकर जुटी हुई है। पिहोवा में जगह-जगह शहर के सौंदर्यकरण को लेकर जहां विकास कार्य करवाए जा रहे हैं, वहीं नगर के प्रमुख बाजार गुरुद्वारा रोड पर भी लाखों रुपए की लागत से ब्लॉक लगवाकर नई सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसका लगभग आधा काम हो चुका है बाकी कार्य को भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा। नगर पालिका चेयरमैन आशीष चक्रपाणि, नपा वाइस चेयरमैन प्रतिनिधि सुरेंद्र पप्पू ढींगरा आज गुरुद्वारा रोड पर लगाए जा रहे इस ब्लॉक कार्य का निरीक्षण करने पहुचे। उन्होंने कहा कि मानसून को लेकर भी सरकार व प्रशासन पूरी सक्रिय है। उन्होंने कहा कि सड़क पर लगाए जा रहे ब्लॉक कार्य के साथ-साथ पानी की निकासी का भी विशेष ध्यान रखा गया है।

## सावधानी बरतने से डायरिया की बीमारी से बचना संभव: सुखबीर

कुरुक्षेत्र। सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह ने कहा कि घर पर परिजनों द्वारा सावधानी बरतने से डायरिया की बीमारी से काफी हद तक बचा जा सकता है। इसके लिए उन्हें स्वच्छता का ध्यान रखना है। इसके अलावा हाथ धोने का सही तरीका अपनाना है, पीने के लिए साफ पानी का प्रयोग या पानी को उबालकर पीना होगा। अहम बात ये है कि पूर्ण आहार व पर्याप्त पोषण को लेकर जागरूक रहना होगा। घर पर परिजनों द्वारा इन बातों का ध्यान रखने से डायरिया पर काबू पाया जा सकता है। सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह ने सोमवार को एलएनजेपी सिविल अस्पताल जिला कुरुक्षेत्र के बाल चिकित्सा वार्ड में बच्चों के डायरिया (दस्त) से बचाव के लिये चलाये जा रहे कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।

# पिहोवा के विकास में नहीं आने दी जाएगी कोई कमी : डीडी शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

- पिहोवा व इस्माईलाबाद नगरपालिका के चेयरमैन व पार्षदों की ली बैठक



भाजपा के वरिष्ठ नेता जय भगवान शर्मा डीडी ने कहा कि पिहोवा के विकास कार्यों में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। आमजन को सभी प्रकार की सुविधाएं पंहुचाना ही हमारी प्राथमिकता है। जय भगवान शर्मा डीडी सोमवार को उपमंडल पिहोवा के कॉन्फ्रेंस हॉल में पिहोवा व इस्माईलाबाद नगरपालिका के चेयरमैन व पार्षदों की एक बैठक लेकर विकास कार्यों पर समीक्षा कर रहे थे। बैठक में सभी पार्षदों द्वारा उनके क्षेत्र की समस्याएं सुनी गई तथा उन समस्याओं के समाधान भी किए गए। इसके अतिरिक्त उन्होंने विकास कार्यों की नई नीतियां लागू करने के लिए सभी से सुझाव भी मांगे।बैठक में नगरपालिका प्रधान पिहोवा आशीष चक्रपाणि, नगरपालिका प्रधान इस्माईलाबाद मेघा बंसल, नगरपालिका सचिव पिहोवा मोहन लाल, नगरपालिका सचिव इस्माईलाबाद प्रिंस मेंहदीरत्ता, नगरपालिका पिहोवा के सभी पार्षदों सहित नगरपालिका कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## केयू का पीजी प्रोग्राम्स एवं यूजी इंटिग्रेटिड प्रोग्राम्स में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा का शेड्यूल जारी

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 में पीजी प्रोग्राम्स के लिए ऑनलाइन दाखिले की अंतिम तिथि 17 जून निर्धारित की गई है। कुवि के लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि कुवि के शिक्षण विभागों/संस्थानों में विश्वविद्यालय की वेबसाइट से विभिन्न विभागों के पीजी प्रोग्राम्स में 24 मई से दाखिला प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। इसके लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर एडमिशन के लिए अलग से लिंक बनाया गया है। उन्होंने बताया कि इन सभी में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से दाखिले किए जाएंगे। प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि एमए अर्थशास्त्र, एमए बिजनेस इकोनॉमिक्स, एमसीए, एमएससी कंप्यूटर साइंस सॉफ्टवेयर तथा एमबीए के लिए कॉमन एंट्रेंस टेस्ट 23 जून को आयोजित किया जाएगा। एमएससी माइक्रोबायोलॉजी, एमएससी भूगोल, एमएससी केमिस्ट्री की प्रवेश परीक्षा 24 जून को, एमएससी फोरेंसिक साइंस, एमएससी गणित, एमएससी जूलॉजी, एमएससी फिजिक्स की प्रवेश परीक्षा 25 जून को, एमए इतिहास तथा एमए पॉलिटिकल साइंस की प्रवेश परीक्षा 26 जून को आयोजित की जाएगी। एलएलएम के लिए 26 जून को कॉमन एंट्रेस टेस्ट आयोजित होगा।

# बच्चों को ओआरएस का घोल पिलाएं : डॉ. कृष्णा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा



लाडवा। ओआरएस के पैकेट व जिंक की गोलियों की जानकारी देते डॉ कृष्णकांत वह उपस्थित स्टाफ।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ कृष्णकांत ने दस्त रोको अभियान की शुरूआत करते हुए सभी को बताया कि 16 जून से 31 जुलाई तक अभियान चलाया जाएगा । 5 साल तक के बच्चों में 40% मृत्यु दस्त के कारण हो जाती हैं जोकि एक गंभीर विषय है। इसलिए सरकार द्वारा समय समय पर ये प्रोग्राम चलाया जाता है ताकि बच्चों की दस्त के कारण होने वाली मृत्यु दर को कम किया जा सके। सभी आशा वर्कर्स को बताया गया कि वे घर घर जाकर 5 साल तक के सभी बच्चों के लिए ओआएस के पैकेट और जिंक की गोलियां दें। घर में ओआरएस का घोल तैयार करने की विधि बताई गई। 2 महीने से 6 महीने के बच्चे को जिंक की आधी गोली ओर 6 महीने से 5 साल के बच्चे को 1 गोली 14 दिन के लिए देनी है ताकि बच्चे को दस्त जैसी जानलेवा बीमारी से बचाया जा सके। दस्त के कारण बच्चों में पानी की कमी हो जाती है।

## स्वच्छता अभियान की पोल खोल रहे गंदगी के ढेर

शाहबाद। नगर में चल रहे स्वच्छता अभियान की पोल खोल रहे है हुडा पार्ट 1 सेक्टर 1 में बने महादेव पार्क के चारों ओर लगे कूडे के ढेर। शहर के सैकड़ो महिलाएं पुरुष और बच्चे सैर करने के लिए प्रतिदिन सुबह और शाम पार्क में पहुंचते हैं। महादेव पार्क शहर का एक इकलौता पार्क है जहां पर काफी संख्या में लोग सैर करने के लिए पहुंचते हैं। गर्मियों की छुट्टियों के चलते बच्चे रिश्तेदारी में पहुंचते हैं और जिसके तहत बच्चों के रिश्तेदार घूमने के लिए पार्क में आते हैं। जब इस प्रकार की गंदगी देखकर जाएंगे तो वह शहर की यादें लेकर जाएंगे की शाहाबाद में स्वच्छता का बोलबाला है। जबकि नगर पालिका द्वारा सफाई कर्मचारी प्रतिदिन सफाई के लिए पहुंचता है लेकिन केवल हाजिरी लगाने का काम करके चला जाता है।



# गुरफतेह सिंह बने आदेश ग्रुप के डायरेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



गुरफतेह सिंह गिल।

आदेश ग्रुप ने एक और ऐतिहासिक क्षण में प्रवेश किया जब गुरफतेह सिंह गिल ने आदेश ग्रुप के डायरेक्टर के रूप में पदभार संभाल लिया। यह अवसर आदेश ग्रुप के लिए एक नई ऊर्जा और दिशा लेकर आया है। पदभार ग्रहण समारोह आदेश ग्रुप के चेयरमैन डा. एच.एस. गिल, सचिव कमलदीप कौर गिल, आदेश यूनिवर्सिटी भटिंडा के डायरेक्टर डा. गुरप्रीत सिंह गिल, आदेश अस्पताल मोहड़ी के डायरेक्टर डा. गुणतास सिंह गिल, डा. अरमान खोसा गिल, पी.पी.एस.सी. के सदस्य बब्बू तीर, डा. गुरमोहन संधू और सहज सिद्धू की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर चेयरमैन डा. एच.एस. गिल ने गुरफतेह सिंह गिल को बधाई देते हुए कहा कि गुरफतेह सिंह गिल में नेतृत्व की जो क्षमता व नयी सोच और संस्थान के प्रति प्रतिबद्धता है वह आदेश ग्रुप को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएगी। सभी को उन पर गर्व है और हम उन्हें इस नई जिम्मेदारी के लिए ढेरों शुभकामनाएं देते हैं। पदभार संभालने के बाद गुरफतेह सिंह गिल ने कहा वह आदेश ग्रुप की इस परंपरा और विरासत को आगे बढ़ाने के लिए संकल्पबद्ध रहेंगे। उनकी प्राथमिकता संस्थान की गुणवत्ता, विस्तार और नवाचार को बढ़ाना रहेगा। हम सभी मिलकर आदेश ग्रुप को न केवल राष्ट्रीय स्तर पर बल्कि वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में कार्य करेंगे। मौके पर उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने गुरफतेह सिंह गिल को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

**कार्यक्रम** नवीन जिंदल फाउंडेशन का गुलडेहरा धूलगढ़ में कैंप का आयोजन

# फ्री हेल्थ कैंप लगाकर जांचा 108 लोगों का स्वास्थ्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



लोगों तक निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से सांसद नवीन जिंदल की ओर से चलाई गई मेडिकल वैन सोमवार को गांव गुलडेहरा और धूलगढ़ में पहुंची। इन दोनों गांवों में डॉ. पूर्ण मल के नेतृत्व में टीम ने ग्रामीणों का चेकअप करने के बाद उन्हें निशुल्क दवाइयां दी गई। गांव गुलडेहरा के सचिवालय में 62 लोगों को दवा देने के साथ 24 मरीजों लैब टेस्ट किए गए। जबकि धूलगढ़ में 17 ओपीडी के साथ 5 लैब टेस्ट हुए। कुल 108 लोगों तक निशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाया गया। यशस्वी योजना से संबंधित कई आवेदन शिविर में पहुंचे। सांसद कार्यालय के प्रभारी धर्मवीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 तक विकसित भारत बनाने का जो संकल्प लेकर चल रहे हैं। उसमें सांसद नवीन जिंदल ने 2035 तक लक्ष्य प्राप्ति का जिम्मा उठाया है। सांसद नवीन जिंदल का प्रयास है कि 2035 तक कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र शिक्षा, चिकित्सा, विकास एवं रोजगार में अव्वल रहकर प्रधानमंत्री मोदी के विजन में सहयोगी बने। इसी के चलते उनके द्वारा क्षेत्र में प्रत्येक वर्ग के लिए लाभकारी योजनाएं चलाई गई हैं।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर गुलडेहरा के सरपंच प्रदीप कुमार, निर्मल शर्मा, संजय, बलिंद्र, रमेश कुमार, कर्म सिंह और गांव धूलगढ़ में जीता राम सरपंच, गुरलाल सिंह, लक्ष्मण दास, संजीव, रामदिया व इंद्र सिंह आदि ने गांव में शिविर लगाने पर सांसद नवीन जिंदल का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### ड्रेन और नालों की सफाई के निर्देश

**नारायणगढ़।** एसडीएम शिवजीत भारती ने सोमवार को बाढ़ नियंत्रण और आपात प्रबंधन को लेकर उपमंडल स्तरीय विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में संभावित वर्षा और बाढ़ के मद्देनजर तैयारियों की समीक्षा की गई तथा संबंधित विभागों को सतर्कता एवं त्वरित कार्रवाई हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। भारती ने निर्देश दिए कि सभी ड्रेन, नाले एवं पुलियाओं की सफाई का कार्य एक सप्ताह के भीतर पूर्ण कर लिया जाए ताकि वर्षा के दौरान जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो।

### समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनी

**नारायणगढ़।** उपमंडल प्रशासन द्वारा आयोजित समाधान शिविर में लोगों की विभिन्न समस्याएं सुनी गईं। शिविर में सबसे अधिक शिकायतें परिवार पहचान पत्र से संबंधित रहीं जिनमें विशेष रूप से फोर व्हीलर पीपीपी से हटवाने की मांग प्रमुख रही। इसके अतिरिक्त रास्ता खुलवाने, सफाई व्यवस्था में सुधार, नजायज कब्जे हटवाने जैसी जनसमस्याएं भी सामने आईं। शिविर में नायब तहसीलदार संजीव अत्री ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बैठक की

**शहजादपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में एसएमओ डॉ. गुरप्रीत सिंह की अध्यक्षता में महिला एवं बाल विकास विभाग की की आंगनवाड़ी सुपरवाइजर्स की एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में सुपरवाइजर्स मनप्रीत कौर, अरविंदर कौर, विनीत, रविंदर कौर और अनु सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य उन गांवों की पहचान करना था जहां लिंगानुपात कम है।

### सफाई कर्मचारियों को किया सम्मानित

**अंबाला।** नगर परिषद अंबाला सदर में सोमवार को स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक वार्ड में अच्छा कार्य करने वाले सफाई कर्मचारियों, डोर टू डोर के कर्मचारीयों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर लायंस क्लब द्वारा भी उपस्थित सभी सफाई कर्मचारियों को सम्मानित कर प्रोत्साहित भी किया गया। सर्वप्रथम नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्ण कौर, कार्यकारी अधिकारी व लॉयस क्लब के प्रधान ने दीपशिखा प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

### सीटीएम ने सुनी समस्याएं

**अंबाला।** नगराधीश अभिषेक गर्ग ने कहा कि सभी अधिकारी समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाना सुनिश्चित करें। आमजन की समस्याओं का समाधान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, इसी ध्येय के साथ लोगो की समस्याओं हेतु कार्य करें। नगराधीश आज उपायुक्त कार्यालय मे आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहें थे। शिविर में पंहुचे लोगो की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों के अधिकारियों को उनकी समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए।

### महिला से लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**अंबाला।** एक महिला ने होटल मालिक पर ही अश्लील हरकतें करने का आरोप लगाया है। महिला की ओर से पुलिस को शिकायत दी गई है। उसका आरोप है कि होटल मालिक अक्सर उससे अश्लील बातें करता है। अंबाला शहर स्थित एक रिसॉर्ट में काम करने वाली महिला ने मालिक पर छेड़छाड़ के आरोप लगाए हैं। महिला ने इससे संबंधित एक शिकायत व एक रिकार्डिंग भी पुलिस को दी है।महिला ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में कहा है कि रिसॉर्ट का एमडी उसे कई बार बैड टच कर चुका है। इसके कारण वो रिसॉर्ट में खुद को सुरक्षित महसूस नहीं करती है। , महिला ने बताया कि मालिक ने उन्हें कई बार जबरदस्ती गले लगाने की कोशिश तक की।

---

## 26 जून को पहली फाइनल सूची जारी की जाएगी

# कॉलेजों में आवेदन की समय सीमा खत्म तय सीटों के मुकाबले कम आए आवेदन

### राजकीय आईटीआई और राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में दाखिले के लिए छात्रों में दिख रहा उत्साह



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

राजकीय, एडेड व सेल्फ फाइनांस कॉलेजों में दाखिले के लिए छात्र ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया चल रही है। इस बार भी कॉलेजों में सीटों के मुकाबले आवेदन कम पहुंच रहे हैं, जबकि सीट ज्यादा हैं। दूसरी तरफ राजकीय आईटीआई और राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में आवेदन की स्थिति सीट के मुकाबले ज्यादा हैं। कॉलेजों में ऑनलाइन आवेदन की समय सीमा सोमवार को समाप्त हो गई। अब 25 जून को प्रोविजनल मेरिट सूची जारी की जाएगी। जबकि 26 जून को पहली फाइनल सूची जारी की जाएगी। पहली सूची में मेरिट में आने वाले अभ्यर्थी 27 से 30 जून तक फीस जमा करवा सकेंगे। इसी तरह दो जुलाई को दूसरी मेरिट प्रोविजनल सूची जारी की जाएगी। तीन जुलाई को अंतिम दूसरी मेरिट सूची जारी की जाएगी। दूसरी मेरिट सूची में आने वाले अभ्यर्थी चार से सात जुलाई तक पोर्टल पर फीस जमा करा सकेंगे। दो मेरिट सूची के बाद सीट बचने पर नौ जुलाई से फिजिकल काउंसलिंग की जाएगी। सीट बचने पर 10 जुलाई को दोबारा ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन मांगे जाएंगे। आईटीआई में 20 तक कर सकते हैं आवेदन राजकीय आईटीआई में ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 20 जून और राजकीय पॉलिटेक्निक में 30 जून तक चलेगी। आईटीआई और पॉलिटेक्निक में सीट के मुकाबले ज्यादा आवेदन पहुंच रहे हैं। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शहर में 1184 सीट के मुकाबले 2477 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। राजकीय बहुतकनीकी संस्थान शहर में 600 सीट पर दाखिला होना है। संस्थान में 700 से ज्यादा आवेदन आ चुके हैं। राजकीय महिला महाविद्यालय की दाखिला नोडल अधिकारी डॉ. निशा बुराक ने बताया कि कॉलेजों में प्रोफेशनल कोर्स में अभ्यर्थी रुझान दिखा रहे हैं। परंपरागत कोर्स में पिछले वर्षों के मुकाबले कम आवेदन आ रहे हैं। हालांकि हरियाणा कॉलेज टीचर एसोसिएशन के प्रदेश प्रधान दयानंद मलिक ने बताया कि कॉलेजों में सीट के मुकाबले आवेदन कम आ रहे हैं। बीए, बीसीए में आवेदन की स्थिति ठीक है। बीकॉम में भी स्थिति ठीक हुई है मगर मेडिकल व नॉन मेडिकल कोर्स में आवेदन कम आ रहे हैं। इसका कारण यह भी है कि थोड़ी दूरी पर ही कॉलेज खुल रहे हैं। आईआईएम, आईआईएम, पॉलीटेक्निक और आईटीआई में सीट बढ़ रही हैं। पहले पीजी कोर्स भी कुछ ही कॉलेजों में होता था। अब पीजी कोर्स छोटे कॉलेजों में भी खुले हैं।

### बीस तक इंजीनियरिंग और गैर इंजीनियरिंग ट्रेड के लिए आवेदन

- मूलचंद आईटीआई में चल रही है दाखिले की प्रक्रिया
- 465 छात्र ऑनलाइन कर चुके हैं आवेदन, आने वाले दिनों में बढ़ेगी आवेदकों की संख्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

राज्य में स्थित सभी राजकीय एवं निजी आईटीआई में चलाए जा रहे इंजीनियरिंग एवं गैर-इंजीनियरिंग ट्रेडों में सत्र 2025-26 के दाखिले हेतु ऑनलाइन पंजीकरण शुरू हो गया है। कोई भीछात्र विभागीय वेबसाइट पर दाखिले के लिए आवेदन कर सकता है। ऑनलाइन दाखिला फार्म भरने की अवधि 20 जून होगी। ऑनलाइन दाखिला फार्म भरने हेतु मूलचंद राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान छावनी में निशुल्क भरे जा रहे हैं। इनके लिए हेल्प डेस्क बनाए गए हैं। इस संस्थान में 16 जून तक कुल 465 प्रार्थियों द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण करवाया गया है। इस संस्थान में प्रत्येक व्यवसाय यूनिट में 75 प्रतिशत सीटें अनुसूचित जाति तथा 25 प्रतिशत सीटें अन्य वर्ग के प्रार्थियों से भी जाएगी। दाखिला लेने वाली छात्राओं जिनके अभिभावको की वार्षिक आय 3 लाख रूपए से कम हो उनको प्रत्येक वर्ष 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रशिक्षण अवधि के दौरान सरकार द्वारा एक मुश्त 2500 रूपए प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। दाखिला प्राप्त श्रेणी की महिलाओं व अनुसूचित जाति से संबंधित प्रशिक्षणार्थियों को प्रोत्साहनार्थ 1000/- रूपए तक की टूलकिट निशुल्क प्रदान की जाती है। दाखिला अन्य पिछड़ा वर्ग के राज्यवासी छात्रों को भारत सरकार की पोस्ट मैट्रिक स्कोलरशीप योजना के अंतर्गत केवल शैक्षणिक भत्ता 5000/- रूपए प्रतिवर्ष दिया जाता है। विभिन्न दाखिला चरणों हेतु मेरिट एवं सीट अलॉटमेंट जारी होने के पूर्ण कार्यक्रम बारे सूचना विभागीय वेबसाइट पर ही उपलब्ध करवाई जाएगी। आईटीआई के प्राचार्य ने प्रार्थियों से अनुरोध है कि वह दाखिला वेबसाइट का नियमित अवलोकन करते रहे। प्रार्थियों से शैक्षणिक योग्यता, आरक्षण एंव स्थाई निवासी, परिवार पहचान पत्र इत्यादि मूल-प्रमाण पत्रों की स्कैन प्रतियां तथा फीस दाखिला फार्म में ही ऑनलाइन अपलोड करवाई जाएगी।

---



अंबाला। भगवान परशुराम जिला ब्राह्मण सभा की नियुक्त कार्यकारिणी।

# भगवान परशुराम जिला ब्राह्मण सभा की कार्यकारिणी का चयन

- सर्वसम्मति से देवी राम शर्मा को संस्थापक, राजेंद्र कौशिक को चेयरमैन नियुक्त किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

भगवान परशुराम गौशाला में एक बैठक का आयोजन किया गया। सबसे पहले परशुराम चालीसा का पाठ किया गया। इसमें जिला के सैंकड़ों ब्राह्मणों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से ब्राह्मण समाज के कल्याण के लिए श्री परशुराम जिला ब्राह्मण सभा की स्थापना करने का निर्णय लिया गया। इसका कार्यालय भगवान परशुराम गौशाला, खतौली में ही होना निर्धारित किया गया।

मीटिंग में सर्वसम्मति से देवी राम शर्मा को संस्थापक, राजेंद्र कौशिक (राष्ट्रपति अवार्डी) चेयरमैन, तरसेम पाल शर्मा प्रधान, राकेश शर्मा गोल्डी सचिव एवं जोगिंद्र पाल कौशिक, टेकन राज शर्मा, जयराम शर्मा पूर्व सरपंच, टीका राम शर्मा को संरक्षक बनाया गया। इसके साथ ही शीघ्र ही सभा की रजिस्ट्रेशन करवाने का निर्णय लिया गया।

इस अवसर पर राकेश कुमार गोल्डी, टेकन राज शर्मा, जयराम शर्मा पूर्व सरपंच, टीका राम शर्मा, शशि पाल शर्मा प्रधान ठाकुर द्वारा पंजोखरा, प्रवीन कुमार शर्मा प्रधान धनाना, रणजीत कुमार शर्मा, यूडी शर्मा, धर्मपाल शर्मा, महेंद्र पाल शर्मा, अरविंद शर्मा,श्याम सुंदर शर्मा, हरीश शर्मा, प्रदीप शर्मा लाडी, पवन शर्मा, राजेश शर्मा आढ़ती, मिंटू शर्मा, शीश राम शर्मा, राकेश शर्मा छछरौली, राजेश शर्मा, राजकुमार शर्मा, जयराम शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, सुरेश शर्मा, संदीप शर्मा रिंकू, मनीष शर्मा, गोपाल शर्मा, जितेंद्र शर्मा, सुरेश कुमार शास्त्री, सुभाष शर्मा शास्त्री, अशोक कुमार शर्मा, जय गोपाल शर्मा, संजय कुमार गौड़, पंडित सुभाष शर्मा, लोकेश कुमार शर्मा, एडवोकेट देवी दयाल भारद्वाज, विष्णु कुमार, साहिल शर्मा, सतीश शर्मा मैनेजर, लक्ष्मी कांत शर्मा, एडवोकेट मणीकांत शर्मा, कुशल कुमार शर्मा, करिश कुमार शर्मा, रिंटू शर्मा, जयपाल शर्मा, श्याम सुंदर शर्मा, मुकेश कुमार शर्मा, सुभाष शर्मा , सीमा मेहता , सुभाष चंद्र बक्शी, नरेंद्र कुमार अत्री, जयदीप शर्मा, सुनील कुमार शर्मा, राजेश कुमार शर्मा, कृतिक शर्मा शाहजादपुर भी मीटिंग में मौजूद रहे। देवीराम शर्मा प्रधान ने आए हुए सभी बंधुओं का धन्यवाद करके मीटिंग समापन की घोषणा की। जलपान के पश्चात गायत्री मंत्र का जाप करके मीटिंग का समापन किया गया।

---

# बुजुर्ग की मौत पर हंगामा, बिना कार्रवाई चिकित्सकों ने शव देने से किया इनकार

- घर पर हो गई थी बुजुर्ग की मौत, जांच के लिए अस्पताल लेकर आए थे परिजन

### पुलिस ने मामले को शांत करवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

सोमवार दोपहर अंबाला कैंट के रोटरी अस्पताल में जमकर हंगामा हुआ। परिजनों ने आरोप लगाया कि उनके मरीज की घर पर ही मौत हो गई थी। वे बिना किसी कार्रवाई के शव वापिस ले जाना चाहते थे। मगर अस्पताल प्रबंधन ने बिना कार्रवाई के शव देने से इंकार कर दिया। इसी वजह से रोटरी अस्पताल में जमकर हंगामा हुआ। परिजनों का यह भी आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन ने पहले मृत शरीर के टेस्ट किए। फिर शव देने से मना किया। हालांकि प्रबंधन ने साफ कहा कि पुलिस कार्रवाई के बिना वे शव को नहीं दे सकते।

दरअसल अंबाला कैंट के गांधी नगर के रहने वाले जय प्रकाश (85) की सोमवार को घर पर ही तबीयत बिगड़ने से मौत हुई थी। शंका होने पर परिजन उनके शव को अस्पताल ले गए थे। यहां जांच टीम ने जयप्रकाश को मृत घोषित कर दिया। बिना कार्रवाई के चिकित्सकों ने परिजनों को शव देने से इंकार कर दिया। इस वजह से परिजन भड़क उठे। उन्होंने चिकित्सकों की कार्रवाई पर सवाल उठाए। इस मामले को लेकर अस्पताल प्रबंधन ने साफ कहा कि वे पुलिस को जानकारी दिए बिना परिजनों को शव नहीं दिया जा सकता। वे कानून से बाहर नहीं जा सकते।हंगामा बढ़ता देख पुलिस को अस्पताल में बुलाया गया।

जहां पुलिस ने परिजनों से बातचीत कर हंगामे को शांत करवाया। इसके बाद पुलिस के अधिकारियों ने डॉक्टरों से बातचीत की। बातचीत के बाद पुलिस ने कहा है कि नियमानुसार कार्रवाई करके शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

---

# शिविर में 55 विद्यार्थियों ने किया रक्तदान

- जीएमएन कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



अंबाला। शिविर में रक्तदान करते छात्र। फोटो : हरिभूमि

जीएमएन कॉलेज में सोमवार को एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 1 हरियाणा गर्ल्स बटालियन, अंबाला कैंट, कॉलेज की वाईआरसी इकाई तथा जेसीआई अंबाला कैंट के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ। इस शिविर में मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ. राकेश सहल तथा डॉ. जोगिंद्रर, नागरिक अस्पताल, अंबाला कैंट रहे। कुल 55 प्रतिभागियों ने रक्तदान किया, जो समाज के प्रति उनकी सेवा भावना और संवेदनशीलता को दर्शाता है। एनएमआईएमएस, मुंबई से एमबीए टेक छात्र जीवितेश दत्त विशेष रूप से शिविर में सम्मिलित हुए। उनके साथ कैडेट्स अवनीत एवं 20 अन्य ने स्वयंसेवक के रूप में सक्रिय योगदान दिया। शिविर में डॉ. राकेश संयोजक वाईआरसी , सीटीओ डॉ. तृप्ति शर्मा, गैलीसन समेत दो पीआई स्टाफ , सलोनी एवं अनीता सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने इस अवसर पर कहा, /"रक्तदान एक महान कार्य है और हम सभी को इसमें भाग लेना चाहिए। इससे हम अनगिनत जिंदगियों को बचा सकते हैं। ऐसे आयोजनों से युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। इस प्रकार, यह रक्तदान शिविर पूर्ण रूप से सफल रहा और समाज को एक सकारात्मक संदेश देने में सफल हुआ।

---

# एबीवीपी ने प्रिंसिपल को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद



राजकीय महाविद्यालय प्रिंसिपल प्रो . सत्यवान मलिक को ज्ञापन सौंपते हुए।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कॉलेज ईकाई ने सोमवार को राजकीय महाविद्यालय के प्रिंसिपल को मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा और छात्र समस्याओं से अवगत करवाया। कालेज इकाई अध्यक्ष वीरसैन, नगर मंत्री प्रतीक शर्मा, रवि जोशी, श्रीकांत शर्मा ने ज्ञापन के माध्यम से छात्रों ने मांग की कि स्पेशल चांस का नोटिफिकेशन हुए हमें 17 मार्च को यूनिवर्सिटी के कंट्रोलर डा. नीरज सिंह को और 18 मार्च को कॉलेज के प्रिंसिपल के माध्यम से कंट्रोलर के नाम ज्ञापन सौंप कर मांग की थी लेकिन अभी तक उसका नोटिफिकेशन जारी नही हुआ है। कॉलेज में सभी यूजी नॉन एनईपी कोर्स के 1, 3, 5 सेमेस्टर के विद्यार्थियों के रिवॉल्यूशन रिजल्ट जारी करें। कॉलेज में चल रहे यूजी नॉन एनईपी कोर्स के विद्यार्थियों के 2, 4, 6 सेमेस्टर का रिजल्ट चल्द से चल्द जारी किया जाए। क्योंकि हरियाणा के सभी यूनिवर्सिटी में एडमिशन शुरू हो गए हैं। जल्द ही कॉलेज की एडमिशन की प्रक्रिया भी शुरू होने वाले हैं। साथ एसएससी द्वारा भी ग्रेजुएशन पास किए हुए विद्यार्थियों के लिए भी नौकरी के लिए आवेदन मांगे हैं। पीजी तीन सेमेस्टर के कुछ कोर्स के रिजल्ट अभी तक बारी जारी नहीं हुए हैं। इन विद्यार्थियों को आगे आने वाले समय में नेट जेआरएफ जैसी परीक्षा भी देनी है।

---

### जियो फेंसिंग हाजिरी लगाने के विरोध में 19 को गरजेंगे स्वास्थ्यकर्मी

**जींद।** सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मचारियों को लोकेशन आधारित जियो फेंसिंग हाजिरी लगाने के लिए बाध्य करने वाले निर्णय का बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसो विरोध करेगी। इसे लेकर 19 जून को सिविल सर्जन कार्यालय पर रोष सभा आयोजित की जाएगी और सीएमओ डा. सुमन कोहली के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजा जाएगा। जिला प्रधान प्रदीप लाठर, उपप्रधान सुदेश रानी व नीलम ने बताया कि सरकार द्वारा चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मचारियों को अपने मोबाइल के माध्यम से जियो फेंसिंग लोकेशन आधारित उपस्थिति दर्ज करने के अव्यवहारिक आदेशों को यदि सिविल सर्जन के माध्यम से भेजे जाने वाले ज्ञापनों के उपरांत भी वापस नही लिया तो एसो विभाग में कार्यरत चिकित्सकों सहित सभी अन्य वर्गों के कर्मचारियों को साथ लेकर निर्णायक आंदोलन करेगी। बताया कि लाइव लोकेशन आधारित जियो फेंसिंग हाजिरी भारत के संविधान व माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों व टिप्पणी की उल्लंघना तथा कर्मचारी की व्यक्तिगत निजता पर हमला है।

---

# आमजन को नहीं आने दें किसी भी प्रकार की समस्याः रामकुमार गौतम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद



सफीदों के विधायक रामकुमार गौतम ने कहा कि सभी अधिकारी आमजन की समस्या के समाधान के लिए कार्य करें। किसी भी व्यक्ति का विभागीय कार्य नहीं रूकना चाहिए। अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का भी कार्य पूरी ईमानदारी एवं गभीरता से करें। सफीदों विधायक रामकुमार गौतम सोमवार को सफीदों के लोक निर्माण विश्राम गृह में विधानसभा क्षेत्र के लोगों की बिजली, पानी, सड़क, परिवहन, सुरक्षा, चिकित्सा, परिवार पहचान पत्र, सड़कों की लाईटें आदि से सबधित समस्याओं को सुना और उनके समाधान का संबधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या के समाधान के लिए सदैव आमजन के साथ खड़े हैं। किसी भी आम जन को परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किसी भी तरह के विकास कार्यों में कमी नहीं रहने दी जाएगी। आने वाले कुछ सालों में हलका अपनी अलग पहचान बन कर उभरेगा। विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों में धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आशीर्वाद से हरियाणा अग्रणी राज्यों शुमार है।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर एसडीएम पुलकित मल्होत्रा, डीएसपी गौरव शर्मा, एसएचओ सदर सुनील कुमार, नायब तहसीलदार विकास कुमार, राकेश शर्मा, अजय कटारिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

---

# अंबाला में 4 पंचायतों को मिले नए सरपंच

- शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव के बाद सभी निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

जिला निर्वाचन अधिकारी अजय सिंह तोमर ने बताया कि जिला में चार ग्राम पंचायतों के तहत सरपंच पदों के लिए आम चुनाव/उपचुनाव शंतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए। मतदान प्रक्रिया के तहत चारों गांव में निष्पक्ष व पारदर्शिता तरीके से चुनाव करवाने के लिए पुलिस के व्यापक प्रबन्ध किए गए थे। चारों गांवों में मतदाताओं ने आगे आकर अपने मत का प्रयोग किया। उन्होंने चुनाव को निष्पक्ष तरीके से संपन्न करवाने के लिए चुनाव ड्यूटी से जुड़े सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की सराहना करते हुए मतदाताओं का आभार व्यक्त किया हैं। डीडीपीओ दिनेश शर्मा ने बताया कि उपचुनाव के तहत अंबाला ब्लॉक-1 की ग्राम पंचायत काठगढ़ से निर्मला सरपंच पद पर विजयी हुई हैं। निर्मला को कुल 557 मत प्राप्त हुए हैं। इसी प्रकार खंड बराड़ा की ग्राम पंचायत सज्जन माजरी से जगदीश कुमार विजयी हुए हैं। जगदीश कुमार को कुल 166 मत प्राप्त हुए हैं। नारायणगढ़ की ग्राम पंचायत आजमपुर से नवजोत सैनी सरपंच पद के लिए विजयी हुए है।

---

## श्रीकृष्ण कृपा गीता मंदिर सेक्टर-8 में चल रहे समर कैंप का समापन

# गीता के श्लोकों को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

श्रीकृष्ण कृपा गीता मंदिर सेक्टर-8 में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज की सत्प्रेरणा से 7 से 15 वर्ष के बच्चों के लिए प्रातः 10 से 1 बजे तक पांच दिवसीय श्रीमद्भागवत गीता पर आधारित बाल संस्कार समर कैंप का आयोजन किया गया। इसमें असंख्य बच्चों ने भाग लिया। समर कैंप में कीर्ति ग्रोवर, गीता चावला, अलका मलहोत्रा, इन्दू बजाज, आशु ढींगरा, रूपम अरोड़ा आदि प्रशिक्षकों के द्वारा बच्चों को गणेश वंदना, गुरू वंदना, गायत्री



अंबाला। कैंप के समापन अवसर पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज बच्चों के साथ। फोटो : हरिभूमि

मंत्र, हिन्दी वर्णमाला की गिनती, ऊं का उच्चारण व श्रीमदभगवद गीता से संबंधित ज्ञान की बातें सीखाई गई। उन्होंने बच्चों को समझाया कि नाश्ते, दोपहर के भोजन तथा रात्रि विश्राम के पूर्व श्रीमद्भगवद गीता के तीन-तीन श्लोकों के उच्चारण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। समर कैंप के समापन समारोह पर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज बच्चों को आशीर्वाद व सर्टिफिकेट देने के लिए स्वयं उपस्थित रहे। बच्चों से बातें की तथा पूछा कि उन्हें इस समर कैंप में क्या-क्या अच्छा लगा। बच्चों ने स्वामी ज्ञानानंद जी को बताया कि उन्होंने संस्कृत में श्रीमद्भगवद गीता के श्लोक, योग आसन, भजन व डांस इत्यादि सीखा।

#### इनका रहा विशेष योगदान

इस अवसर पर कायरा, गीतिका, रुचि, खुशी, निहारिका, प्राची कुहान समेत कई बच्चों ने गीता पर आधारित स्वामी ज्ञानानंद महाराज के द्वारा पूछे गए प्रश्नों जैसे श्रीमद्भगवदगीता में कितने श्लोक हैं, गीता जी का उपदेश किसने किसे दिया और यह कहां दिया गया आदि के उत्तर दिए। पराग बवेजा, वृत्ति छाबड़ा ने भजन सुनाकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर सुनीता छाबड़ा, शिवानी आदि बच्चों के अभिभावकों ने भी शिविर में भाग लिया। इस शिविर को सफल बनाने में हैप्पी चावला व केवल चावला का विशेष योगदान रहा।